(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF REVENUE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI AJIT PANJA): (a) and (b) There is a proposal for restructuring of the Customs and Central Excise Departments. The proposal and the details thereof are being examined in consultation with the concerned Departments. No final view on restructuring has been taken.

Smuggling of gold by a Diplomat

817. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news-item which appeared in the Hindustan Times of the 12th April, 1988 under the caption 'Indian diplomat held with gold' at Indira Gandhi International Airport;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what is the number of such diplomats caught so far in 1988?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF REVENUE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI AJIT PANJA): (a) Yes, Sir.

(b) The examination of the baggage of an Indian diplomat named Shri Gurcharan Shah Singh, who was working as an Attachee in the High Commission of India at Hongkong since 1985 and who had arrived at Indira Gandhi International Airport, Delhi from Hongkong on 9th April, 1988 resulted in the recovery of 20 foreign marked gold biscuits collectively weighing 2332 grammes worth Rs. 7,34,000 approximately and Indian currency of 985. The gold and currency were seized and the diplomat was arrested.

(c) Only one such diplomat has been caught so far in 1988.

भगा ले जाने/अपहरण के मामले

818. श्री संतोष बागड़ोदिया : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र से फिरौती के लिए भगा ले जाने/अपहरण के कितने मामलों का समाचार मिला है इनमें भगाकर ले जाये गये/अपहृत बच्चों, पुरूषों, तथा महिलाओं की क्रमश: संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) किस संघ राज्य क्षेत्र में इस प्रकार की सर्वाधिक घटनायें हुई हैं; और

(ग) कितने मामलों को पुलिस विभाग ने हल कर लिया तथा अपराधियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी चिदम्बरम्) : (क) संघ शासित क्षेत्र दिल्ली में फिरौती के लिए बच्चों के अपहरण के 1986 के दौरान तीन और 1987 के दौरान 9 मामले हुए हैं। 1987 में संघ शासित क्षेत्र गोवा दमन तथा दीव में ऐसे दो मामले हुए हैं। 1986 तथा 1987 के दौरान अन्य संघ शासित क्षेत्रों में ऐसे कोई मामले सूचित नहीं किए गए।

(ख) दिल्ली।

(ग) दिल्ली में 12 मामलों को हल कर लिया गया है। दिल्ली में गिरफ्तार किए गए 22 व्यक्तियों में से दोषसिद्ध किये जा चुके हैं।

सदर बाजार क्षेत्र में यातायात

819. श्री संतोष बागड़ोदिया : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि यातायात की दृष्टि से पुरानी दिल्ली के सदर बाजार क्षेत्र की स्थिति बहुत खराब है;

(ख) सरकार उन दुकानदारों के खिलाफ क्या कार्यवाही कर रही है जो निर्धारित पार्किंग स्थलों पर अपने वाहनों और ट्रकों आदि को पार्क करने के बजाय उन्हें अपनी दुकानों के सामने पार्क करते हैं; और

(ग) सदर बाजार में यातायात संबंधी अव्यवस्था की समस्या को हल करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) सदर बाजार एक व्यस्त वाणिज्यिक केन्द्र होने के कारण, इस क्षेत्र में दिन-प्रति-दिन यातायात बढ़ रहा है।

(ख) उन व्यक्तियों के विरुद्ध नियमित रूप से मुकदमे चलाये जाते हैं जो "नो पार्किंग' क्षेत्रों में अथवा अनुचित ढंग से सड़कों पर वाहन पार्क करते हैं, जिससे यातायात में रूकावट पैदा होती है। 1987 के दौरान सदर बाजार क्षेत्र में, 5282 व्यक्तियों का गलत पार्किंग करने के लिए चलान किया गया और लगभग एक लाख रुपये कम्पाउन्ड फीस के रूप में वसूल किये गये।

(ग) इस क्षेत्र में स्थिति की निरंतर समीक्षा की जाती है और यातायात नियंत्रित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाये जाते हैं।

स्टेट बैंक आफ इंदौर द्वारा मध्य प्रदेश में बेरोजगारों को ऋण दिया जाना

820. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार स्टेट बैंक आफ इन्दौर द्वारा मध्य प्रदेश में कितने बेरोजगार व्यक्तियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराई गई थी; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष ऋण के लिए कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा कितने आवेदन पत्र रद्द किए गए और उनके रद्द किए जाने के क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

स्टेट बैंक आफ इन्दौर द्वारा दिये गये ऋण

821. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1986-87 के दौरान स्टेट बैंक आफ इन्दौर ने स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों को 25000/- 25000/- रुपए का ऋण दिया और इस संबंध में शाखा-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि इस बैंक के शाखा प्रबन्धक इन लाभ-ग्राहियों से कमीशन के रूप में भारी राशि वसूल रहे हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) स्टेट बैंक आफ इंदौर द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवकों की स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 1986-87 में दिये गये